# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अक्टूबर 2024




नगर पालिक निगम भिलाई

# हजारो छात्र-छात्राओ ने प्रतिवर्ष 100 घंटे सफाई करने की शपथ लिए

भिलाईनगर। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आज शासकीय शकुन्तला विद्यालय, शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शकुन्तला विद्यालय, शासकीय स्कूल, शंकरा चार्य इंजीनियरिंग कालेज, डीपीएस स्कूल दुर्ग के छात्र-छात्रा एवं उनके शिक्षक, प्राचार्य, प्रोफेसर आदि की उपस्थिति में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। सभी ने अपने घर, परिवार, कार्य स्थल से सफाई की शुरूवात करने का संकल्प लिये।

विधायक रिकेश सेन ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि लोग पहले कुछ भी खा कर प्लास्टिक, रेपर इधर-उधर सड़को में फेंक देते थे। अब वही बच्चे स्वयं अपने माता-पिता को सचेत करते है। कुड़े, कचरे को डस्ट बीन में ही डालने के लिए प्रेरित करते है। स्वच्छता से जुड़कर बच्चे स्वयं जागरूक हुए, अपने परिवारो एवं दुसरे लोगो को भी जागरूक कर रहे है। कार्यक्रम के दौरान  गुब्बारा उड़ाकर स्वच्छता का संदेश दिये गये। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता स्लोगन लिखकर सभी ने हस्ताक्षर किये एवं हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम संचालित हुआ।कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पूर्व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राजेश चैहान, स्वास्थ्य अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, आयुक्त बजरंग दुबे, शकुंतला विद्यालय के डायरेक्टर संजय ओझा, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी,जोन आयुक्त सतीश यादव, येशा लहरे, अजय सिंह राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला,  अभियंता अरविंद शर्मा, स्वेता महेश्वर जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा अंकित सक्सेना इत्यादि उपस्थित रहे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# हर्षोल्लास के साथ हुआ स्वच्छता पखवाड़े का समपान

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़े की शुरूवात 17 सितम्बर भेलवा तालाब से शुरू होकर आज नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में समापन हुआ। जिसमें स्वच्छता को लेकर किये गये विभिन्न जनजागरूकता अभियान के विजेताओ को पुरूस्कृत किया गया। आज 02 अक्टूबर गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के अवतरण दिवस पर विधायक रिकेश सेन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा, पार्षदगण, आयुक्त बजरंग दुबे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं समाजिक एवं अध्यात्मीक संगठन से जुड़े हुए प्रतिनिधियो द्वारा पुज्य महात्मागांधी जी के प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया। सभी ने महापुरूषो द्वारा दिये गये जन उपयोगी संदेशों को याद किया गया। विजेताओ को पुरस्कार देते समय विधायक रिकेश सेन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छता के प्रति हर भारत वासी को जागरूक कर दिया है। पहले घरो से निकलने वाले कचरो को हम सब नालियो में या इधर-उधर फेंक कर गंदगी कर देते थे। अब नहीं करते है, हमारे बच्चे ही उन्हे आगाह करते है। स्वच्छता लगातार चलने वाली प्रक्रिया है, जब तक हम इंदौर नगर निगम के समान भिलाई नगर निगम नम्बर 1 नहीं बन जाता। तब तक सफाई की ज्योति जलाए रखेगें। प्रभारी अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू ने सभी को अपने घरो से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरा को अलग करके सफाई मित्रो को देने के लिए आव्हान किया। आयुक्त बजरंग दुबे ने सभी को संबोधित करते हुए कहा सफाई की शुरूवात खुद से होती है। जिसकी खूसबू परिवार, समाज, राज्य एव ंपुरे देश तक फैलती है। हमे शपथ भर नहीं लेना है इसको अंगिकार भी करना है। विधायक एवं जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारियो द्वारा सफाई की गई एवं पर्यावरण को सुदृढ रखने के लिए वृक्षारोपण भी किया गया।इसके साथ ही स्वच्छता ब्राण्ड अम्बेसडर अमिताभ भटटाचार्य, आर्ट कॉम संस्था (हर आंगन एक पेड़) से नीशू पाण्डेय, वृक्ष मित्र मुकेश पाण्डेय, स्वच्छता ही सेवा संस्थान, छ.ग. आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउन्डेशन से हरप्रित सिंग, एनडीआरएफ का दल, आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाओ एवं छात्र-छात्राओ आदि को सम्मानित किया गया। अंत में स्वच्छता गाड़ियो को हरी झण्डी दिखाकर नगर की सफाई के लिए रवाना किया गया। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, निगम भिलाई के सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, लेखाधिकारी आदि उपस्थित रहे।





# भेलवा तालाब में सफाई लाईटिंग के साथ होगी सुबह-साम पुलिस की गस्त

भिलाईनगर। नेहरू नगर भेलवा तालाब हमेशा से शहर का आकर्षण का केन्द्र रहा है, वहां की प्राकृतिक बनावट सब के मन को लुभाता है। वहां पर शहर के हजारो लोग सुबह साम टहलने जाते है। वहां का तालाब और तालाब के किनारे का पेड़ एवं तालाब मे खेलते बतख, हंश आकर्षण का केन्द्र बने रहते है। निगम द्वारा वहां पर ओपन जिम भी लगाया गया है। जहां सुबह-साम सभी लोग व्यायाम करते है। कुछ असामाजिक तत्वो द्वारा वहां पर अभद्रता किया जाता है। जानबुझकर निगम द्वारा लगाये गये लाईट को रात में तोड़ देते है। वहां चारो तरफ लगी हुई जो जालियां है, उसे भी काट दिये है। इसकी शिकायत नेहरू नगर रेसिडेन्ट एसोसिएशन, वार्ड पार्षद चंद्रेश्वरी बांधे द्वारा उसको पुनः व्यवस्थित करने की मांग की गई थी। आयुक्त बजरंग दुबे के संज्ञान में जैस ही यह बात आया उन्होने सुबह साम पुलिस गस्त, सफाई व्यवस्था, लाईटिंग एवं संधारण हेतु निर्देशित किए। अभी वहां सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से की जा रही है। लाईट को व्यवस्थित करने के लिए जोन आयुक्त को निर्देशित किये है। बाकी संधारण का कार्य भी शीध्र किया जाएगा। सफाई व्यवस्था देखकर पार्षद चंदेश्वरी बांधे एवं नेहरू नगर रेसिडेन्ट एसोसिएशन के देवेन्द्र भाटिया ने प्रशन्नता व्यक्त की और साथ ही सफाई, लाईट संधारण, पुलिस गस्त के साथ एक समय सारणी के साथ चैकीदार नियुक्त करने को कहा। जो निर्धारित समय पर भेलवा तालाब का गेट सुबह साम खोल और बंद करें। जिससे असमाजिक तत्वो का आना-जाना बंद हो।






# उद्यानों को हरा-भरा रखने के लिए पानी कि सिंचाई कटाई छटाई किया जा रहा है

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में उद्यानों की सुन्दरता बनाये रखने निरंतर पौधों की कटाई छटाई, पानी सिंचाई किया जा रहा है। आयुक्त बजरंग दुबे ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देश दिये है। कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 150 से अधिक उद्यान है। जिसकी साफ-सफाई, झाड़ियो का कटिंग-छटिग, ट्रिमिंग, पौधो में पानी सिंचाई लगातार कराते रहे। जिससे पौधे जीवित रहे और अपने आकार में बढ़ते रहे। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में रोड किनारे, रिक्त भूमि, डिवाईडरो एवं अन्य स्थलो पर वृक्षारोपण किया गया है। जिसकी डिवाईडरो की साफ-सफाई के साथ पौधो में पानी सिचाई भी निरंतर किया जा रहा है। जिससे पौधे की सुन्दरता बनी रहे। उद्यान विभाग के कर्मचारी प्रतिदिन अलग-अलग उद्यानों एवं किये गये वृक्षारोपण वाले क्षेत्र में साफ-सफाई के साथ पानी की सिंचाई टेंकरो के माध्यम से किया कर रहे हैं। उद्यानों में बच्चे, बुर्जुग लोग सुबह शाम आते रहते है। जहां बच्चे खेलते है और बुर्जुग लोग टहलते एवं बैठने आते है। जिनको जीव जन्तु न काटे इसके लिए कीटनाशक दवाई का भी छिड़काव किया जा रहा है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अनुरोध किये है कि पेड़-पौधो हमारे लिए बहुत उपयोगी है। इसकी देखभाल की जिम्मेदारी हम सबको लेनी पड़ेगी। जहां भी पेड़ लगे हैं जिसके घर के सामने लगे हैं। उसको ध्यान देना होगा, समय-समय पर पानी देना जानवरों से बचाना यह सब हम लोगों को जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। उद्यानो में जाकर किसी प्रकार की गंदगी न फैलाये एवं उद्यानों को साफ-सुथरा रखे। पेड़-पौधे नहीं रहेगे तो मानव जीवन भी नष्ट हो जाएगा। इसका पुरा ध्यान रखे एवं उसकी सुरक्षा ही हमारा पहला कर्तव्य है।





नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम भिलाई राज्य का पहला निगम बना जहॉ कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना होगी

आज भिलाई नगर निगम एवं दुर्ग जिले के लिए बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। नगरीय ठोस अपशिष्ट से कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट स्थापना का एग्रीमेंट हस्ताक्षर हुआ है। इसमें नगर पालिक निगम भिलाई सीबीडीए एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मध्य कन्सेशन एग्रीमेंट का निष्पादन हुआ है। जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई, दुर्ग, रिसाली, भिलाई-चरोदा के वहॉ से निकलने वाले गीले कचरे को संबंधित एजेंसी को पहुॅचा कर दी जायेगी। जहॉ पर इसके माध्यम से संबंधित एजेंसी द्वारा कम्प्रेस्ड बायो गैस उत्पत्ति की जायेगी। छ.ग. बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा निरंतर प्रयास के फलस्वरूप भारत सरकार का उपक्रम भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मध्य ऐतिहासिक एमओयू का हस्ताक्षर किया गया है, जिसमें कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी के उपस्थिति में नगर निगम भिलाई के आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा संबंधित एजेंसी के मध्य कम्प्रेस्ड बायो गैस उत्पादन करने हेतु मूर्त रूप दिया गया है। इसके पूर्व दिनांक 13.03.2024 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छ.ग. शासन , उपमुख्यमंत्री अरूण साव की उपस्थिति में नगर निगम रायपुर, भिलाई सीबीडीए एवं बीपीसीएल के मध्य कम्पोस्ट बायो गैस संयंत्रों के स्थापना हेतु त्रिपक्षीय एमओयू निष्पादित किया गया था। इस क्रम में आज दिनांक 21.10.2024 को नगर पालिक निगम भिलाई सीबीडीए एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मध्य त्रिपक्षीय कन्सेशन एग्रीमेंट हस्ताक्षर किया गया। इस एग्रीमेंट के तहत नगर निगम भिलाई के अंतर्गत टेंचिंग ग्राउंड जामुल में बीपीसीएल द्वारा स्वयं निवेश से सीबीजे संयंत्र का स्थापना किया जायेगा। इससे निम्नलिखित लाभ होगा। नगर निगम भिलाई , दुर्ग, रिसाली, भिलाई-चरोदा नगर निगमों से 150 मीट्रिक टन प्रतिदिन नगरीय ठोस अपशिष्ट गीले कचरे का उपयोग करके जैव ईंधन उत्पादन किया जायेगा।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# 50000 हजार सामान्य वर्ग, 5 लाख बीपीएल परिवार के लिए इलाज की सुविधा है आयुष्मान कार्ड में

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में नागरिको की सुविधा के लिए शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। शिविर भिलाई शहर में प्रतिदिन अलग-अलग वार्डो के चिन्हित स्थानों पर लगाया जा रहा है। शहर के जिन नागरिको का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे नागरिक शिविर स्थल पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। शासन से प्राप्त सुविधा के अनुसार ₹50000 तक का इलाज सामान्य वर्ग के लिए, ₹5 लाख तक का इलाज बीपीएल परिवार के लिए, 70 साल से अधिक उम्र के व्यक्ति के लिए भी ₹500000 तक का इलाज की सुविधा आयुष्मान कार्ड पर मिल रहा है। निगम के सभी जोन में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो इनके कार्य की माॅनिटरिंग करेंगे। इसके लिए जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में अजय सिंह राजपूत, जोन क्रमांक 02 वैशालीनगर में सुश्री येशा लहरे, जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार में सतीश यादव, जोन क्रमांक 05 सेक्टर 06 में जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। निगम क्षेत्र के इन जगहो पर लगेगा शिविर 22 एवं 23 अक्टूबर को वार्ड 06 प्रियदर्शिनी परिसर शीतला मंदिर संजय नगर, वार्ड 21 कैलाश नगर पार्षद कार्यालय व सुलभ शौचालय के पास, वार्ड 35 शारदा पारा पार्षद कार्यालय जनता स्कूल के पास, वार्ड 43 बापू नगर अम्बेडकर भवन, वार्ड 62 सेक्टर 06 मध्य सड़क 34 के बीच डोम शेड। 24 एवं 25 अक्टूबर को वार्ड 07 राधिका नगर सियान सदन, वार्ड 22 कुरूद सांस्कृतिक भवन बाजार चैंक व दुर्गा पंडाल प्रगति नगर, वार्ड 36 श्याम नगर सूर्या नगर सतनाम भवन व अहमत नगर आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर जलाराम मंदिर प्रांगण, वार्ड 63 सेक्टर 06 पश्चिम सड़क 55 तेलगुपारा व सड़क 65 दुर्गा मंच। 28 एवं 29 अक्टूबर को वार्ड 08 कृष्णा नगर राधाकृष्ण मंदिर व बजरंग चैंक वार्ड कार्यालय, वार्ड 23 घासीदास नगर दुर्गा मंच व कर्मा मंच, वार्ड 37 संत रविदास नगर पार्षद कार्यालय के पास, वार्ड 45 बालाजी नगर सामुदायिक भवन सांई मंदिर परिसार, वार्ड 64 सिविक सेंटर सेक्टर 10 सड़क 17 पार्षद कार्यालय के पास।



# महामहिम राष्ट्रपति महोदया के आगमन पर निगम भिलाई की तैयारी वृहद रूप से

भिलाईनगर। महामहिम राष्ट्रपति महोदया का प्रवास आई.टी. भिलाई दिक्षांत समारोह के लिए हो रहा है। जिसको देखते हुए नगर निगम भिलाई के आयुक्त बजरंग दुबे के नेतृत्व में कार्यो का संपादन निरंतर किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से सभी जोन कमिश्नर, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सड़को पर आवारा मवेशियो को पकड़ने वाले दल, राजस्व का अमला आदि की डयूटी लगाई गई है। सभी जोन कमिश्नर अपने-अपने क्षेत्र में महामहिम के आमगन रूट से सड़क बाधा एवं अवैध बेनर पोस्टर हटवाने का कार्य कर रहे है। जोन कमिश्नर अपने-अपने रूट पर टीम के साथ लगातार गस्त भी कर रहे है। कुम्हारी टोल प्लाजा से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभियंताओ द्वारा सड़क के गडडे भराई का कार्य संपादित करवाया जा रहा है। निगम भिलाई के अधीक्षण अभियंता स्वयं अपने देखरेख में संबंधित कार्यो का अवलोकन कर रहे है। जिससे महामहिम के आमगन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही हेलिपेड के निर्माण कार्य के दौरान जल की व्यवस्था, सड़क मार्ग से आवारा पशुओ इत्यादि को हटाने का भी कार्य किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई के सभी अधिकारी कर्मचारी, नागरिकगण महामहिम राष्ट्रपति महोदया के प्रथम भिलाई आगमन का हर्षोल्लास के साथ स्वागत करने के लिए उत्सुक है।





नगर पालिक निगम भिलाई

# जारी है डेंगू, मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु अभियान

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देश पर पांचो जोन के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपने-अपने जोन क्षेत्र में बिमारी की रोकथाम हेतु अभियान चला रहे है। जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की टीम बनाई गई है, जो बस्तीयों में जाकर निरीक्षण करते है। संबंधित परिवार को समझाइस देते है। रैली निकालते है, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को संदेश देते है कि किस प्रकार से स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखा जावे। नगर निगम भिलाई का दल वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन पुरानी बस्ती के आस-पास कुलर, पानी की टंकी, कन्टेनर, शौचालय एवं नालियों में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन के लिए मैलाथियान, टेमिफास, जला आईल आदि का छिड़काव किया जा रहा है। उसके साथ-साथ नागरिको को जागरूक करते हुए बता रहे है कि पानी को उबालकर पीए, शुद्व ताजा भोजन करे। बाहर के बासी खादय सामग्री खाने से बचे, किसी प्रकार की उल्टी-दस्त, कपकपी के साथ बुखार आदि होने पर नजदीक के शासकीय अस्पताल में डाॅक्टर को दिखाकर दवा लेवें। अपने मन से मेडिकल स्टोर से दवा लेने से बचें, स्वयं से सुरक्षा ही सबसे बड़ा बचाव है।

अभियान के दौरान जोन के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, विरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, सुदामा परगनिया, गोपी साहू, चुर्णमणी यादव आदि उपस्थित रहे।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के साथ अन्य 06 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए

भिलाईनगर। भिलाई निगम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 07 अधिकारी/कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी अपने 38 वर्षो के कार्यकाल में पूर्व साडा वर्तमान निगम भिलाई में कार्यो को सानदार पूर्वक संपादित करते हुए सेवानिवृत्त हुए। अपने अनुभव को साझा करते हुए श्री द्विवेदी ने बताया पूर्व साडा का क्षेत्रफल बहुत बड़ा था इसलिए बहुत सारे गांव भी आते थे। नगर निगमों रिसाली, भिलाई चरोदा, नगर पालिका कुम्हारी, नगर पालिका जामुल इत्यादि संयुक्त रूप से एक विशेष क्षेत्र प्राधिकरण के रूप में कार्य करता था। उस समय से हम लोगों का प्रशासन के हित में कार्य करना ही अपना उददेश्य रहता था। आज निगम भिलाई का दायरा छोटा हो गया है, नये कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियो को लगता है कि हमारा क्षेत्र बहुत बड़ा है। यह सच है कि अभी का कार्यकाल में चुनौतिया ज्यादा है। उस समय साइकल से पुरे क्षेत्रो का भ्रमण करते हुए कार्यो को संपादित किया जाता था। तब न मोबाईल था, न ही यातायात के इतने अच्छे साधन, फिर भी कार्य सुचारू रूप से संपादन होता था। बिदाई के दौरान पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी अजय चतुर्वेदी, मूर्ति शर्मा, गुलजार सिंह वर्मा, जयकुमार जैन, श्रवण ठाकुर, विनोद चंद्राकर, महेन्द्र यादव, तुलसी विन्दा देवांगन, वकील अहमद आदि उपस्थित होकर अपने पूर्व के अनुभव कर्मचारियो के बीच में साझा किये। भिलाई प्रेस क्लब के महासचिव खिलावन सिंह चैहान पुरे पत्राकार बिरादरी के तरफ से उपस्थित होकर अशोक द्विवेदी का सम्मान किये। निगम प्रशासन की ओर से अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाॅल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। अन्य 6 सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी जगरनाथ सिंह कुशवाहा वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक, चंचल शर्मा सहायक कार्यालय अधीक्षक, गीता सोनी पम्प सहायक, केशव राम सोनारे चैकीदार, सुदामा शर्मा सहायक मिस्त्री, संतोष कुमार देवांगन वाहन चालक शामिल थे। बिदाई समारोह में वरिष्ठ पार्षद एमआईसी के प्रभारी अध्यक्ष सीजू एन्थोनी, स्थापना प्रभारी अध्यक्ष संदीप निरंकारी, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डी.के.वर्मा, युनियन के पदाधिकारीगण सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।




**Editorial Board**

श्री बजरंग दुबे
रा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री अजय कुमार शुक्ला
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई